an>

Title: Need to Restore the Operation of Train No. 02563/02564 from Saharsa Junction in Bihar

श्री दिनेश चन्द्र यादव (मधेपुरा): बिहार राज्य के पूर्व मध्य रेलवे अन्तर्गत समस्तीपुर डिवीजन के सहरसा जंक्शन से प्रतिदिन नई दिल्ली के लिए हमसफर एक्सप्रेस गाड़ी सं0- 02563/02564 चलती थी, जिसे अब बरौनी जंक्शन से हीं चलाया जा रहा है। मेरे संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत सहरसा जंक्शन व्यावसायिक दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण है। यह अत्यंत पिछड़े क्षेत्र में अवस्थित है। सहरसा, जिला एवं प्रमंडल मुख्यालय भी है। सहरसा समस्तीपुर डीविजन में महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन है। कोसी क्षेत्र के तीन जिलों सहरसा, मधेपुरा और सुपौल के साथ-साथ खगड़िया जिले के रेलयात्री भी काफी संख्या में हमसफर से रेल यात्रा करते हैं, ऐसी परिस्थिति में सहरसा जंक्शन से हमसफर जैसी रेलगाड़ी को हटाकर बरौनी जंक्शन से चलाना दुर्भाग्यपूर्ण है, इससे कोसी क्षेत्र की जनता में काफी आक्रोश है। अतः रेल मंत्री जी से आग्रह है कि पूर्व मध्य रेलवे अन्तर्गत समस्तीपुर डिवीजन के सहरसा जंक्शन से पूर्व की तरह चलनेवाली हमसफर एक्सप्रेस गाड़ी सं0- 02563/02564 को पुनः सहरसा जंक्शन से ही चलाया जाय एवं सहरसा जंक्शन पर अवस्थित वॉसिंग पीट का विस्तार करने के साथ-साथ दौरम मधेपुरा में भी वॉसिंग पीट का निर्माण कराया जाए।